संख्या-6/1126/26-3-2014

प्रेषक,

के0राम मोहन राव,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 22 जुलाई, 2014

विषय- कक्षा 9 व 10 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को देय छात्रवृत्ति हेतु शैक्षिक सत्र 2014-15 से आनलाइन आवेदन एवं अन्य प्रक्रियात्मक कार्यवाही किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-966/26-3-2014-4(215)/90-टी0सी0-1, दिनांक 20.06.2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2014-15 से पूर्वदशम कक्षाओं(कक्षा 9 व 10) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को देय छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन एवं अन्य प्रक्रियात्मक कार्यवाही किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2. उपरोक्त के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शैक्षिक सत्र 2014-15 से पूर्वदशम कक्षाओं (कक्षा 9 व 10) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन एवं अन्य प्रक्रियात्मक कार्यवाही किये जाने तथा नवीन प्रक्रिया का हिन्दी समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार करायें।

3. उक्त नवीन प्रक्रिया का मण्डल/जनपद स्तर पर विभागीय अधिकारियों मण्डलीय उपनिदेशक/जिला समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता करायें और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करायें।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

के0राम मोहन राव
सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in